# पीएम आवास के 11 हितग्राहियों को मकान आबंटित किया गया

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी आयोजित की गई। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया । बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला गया। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवासों तथा सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को भूतल से निर्मित आवासों के साथ अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) के आवासों को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को वंदे मातरम कुरूद भिलाई से 1 हितग्राही एवं सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया से 10 हितग्राहियों को लाटरी निकालकर मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद श्रीमती सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, सी एल टी सी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

